नीतिआयोग द्वारा सतत् विकास लक्ष्य शहरी इंडेक्स जारी : रायपुर नगरीय क्षेत्र फ्रंट रनर

चर्चा में क्यों?

हाल ही में नीतिआयोग द्वारा जारी ‘सतत् विकास लक्ष्य शहरी इंडेक्स’में छत्तीसगढ़ राज्य के रायपुर नगरीय क्षेत्र को ‘फ्रंट रनर’की श्रेणी में रखा गया है।

प्रमुख बिंदु

- उल्लेखनीय है कि नीतिआयोग द्वारा प्रथम बार इस प्रकार के सतत् विकास लक्ष्य के अंतर्गत शहरी इंडेक्स को जारी किया गया है।
- इंडेक्स में देश के 56 नगरीय क्षेत्रों को 77 सूचकांको में प्राप्त की गई प्रगति के आधार पर रैंकिंग दी गई है, जिसमें सर्वाधिक 75.5 अंक प्राप्त कर शिमला प्रथम रैंक पर है। रायपुर ने 67.36 अंक प्राप्त कर 20वीं रैंक प्राप्त की है।
- छत्तीसगढ़ राज्य योजना आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस इंडेक्स में रायपुर शहर का स्कोर व रैंक अनेक बड़े व प्रमुख शहरों जैसे- मुंबई, कोलकाता, हैदराबाद, भुवनेश्वर, लखनऊ, प्रयागराज, रांची, इंदौर से बेहतर है।
- गौरतलब है कि संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा सतत् विकास को सुनिश्चित करने हेतु 17 एसडीजी लक्ष्य निर्धारित किये गए हैं। एसडीजी के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु देश तथा राज्य प्रतिबद्ध हैं।
- राज्य स्तर पर इन लक्ष्यों के अंतर्गत प्राप्त प्रगति के मूल्यांकन हेतु राज्य योजना आयोग द्वारा ‘एस.डी.जी. स्टेट इंडिकेटर फ्रेमवर्क’एवं ‘एस.डी.जी. बेसलाईन एवं प्रोग्रेस रिपोर्ट’ तैयार की गई है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 12 जुलाई 2021 को जारी किया गया है। इस फ्रेमवर्क के आधार पर विभागों द्वारा सतत् अनुश्रवण व अनुशीलन रायपुर शहर की इस उपलब्धि में सहायक रहा है।
- ‘सतत् विकास लक्ष्य शहरी इंडेक्स’में रायपुर शहर को एस.डी.जी. गोल 12 (रिस्पोंसबिल प्रोडक्शन एंड कंजंप्शन) में सर्वाधिक 86 अंक, गोल 4 (क्वालिटी एजुकेशन) तथा गोल 6 (क्लीन वाटर एंड सेनिटेशन) में 79 अंक प्राप्त हुए हैं।
- इसके साथ ही गोल 7 (अफोर्डेबल एंड क्लीन एनर्जी), गोल 9 (इंडस्ट्री, इनोवेशन एंड इंफ्रास्ट्रक्चर), गोल 11 (सटेनेबल सिटीज एंड कम्युनिटीज), गोल 13 (क्लाईमेट एक्शन) तथा गोल 16 (पीस, जस्टिस एंड स्ट्रोंग इंस्टीट्यूशन) में भी अच्छा स्कोर प्राप्त हुआ है, जिसके कारण रायपुर को ‘फ्रंट रनर’की श्रेणी में रखा गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sustainable-development-goals-urban-index-released-by-niti-aayog-raipur-urban-area-front-runner